an>

Title: Need to take necessary steps for implementation of proposed industrial area development scheme at Soniyana, Tehsil Gangrar, Chittorgarh district, Rajasthan.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : चित्तौड़गढ़ जिले की तहसील गंगरार के सोनियाना ग्राम में रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना चल रही है। प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र राÂट्रीय राजमार्ग एवं रेल सुविधा के निकट स्थित है। उपरोक्त क्षेत्र के 10 किलोमीटर दूरी पर ही भीलवाड़ा जिले के प्रसिद्ध वस्त्र व्यवसाय के कारखाने हैं। प्रस्तावित सोनियाना औद्योगिक क्षेत्र टेक्सटाइल जोन के लिए सबसे उपयुक्त क्षेत्र है। स्थानीय स्तर की सभी औपचारिकताएं पूर्ण हैं। वर्तमान में यह पर्यावरण अनापत्ति के लिए विचाराधीन है। रीको द्वारा प्रस्तावित औद्यागिक क्षेत्र के समय पर प्रारंभ होने पर भीलवाड़ा एवं चित्तौड़गढ़ जिले के व्यवसायियों द्वारा तीव्र गति से इस क्षेत्र के विकास की संभावनाएं हैं। सुविधाओं की दृÂिट से महत्वपूर्ण रेलवे यार्ड की सुविधा भी नजदीक ही है। वायु मार्ग से भी उपरोक्त क्षेत्र नजदीक ही हमीरगढ़ हवाई पट्टी के निकट स्थित है। सोनियाना औद्योगिक क्षेत्र के प्रभाव क्षेत्र में चित्तौड़गढ़ जिले की गंगरार एवं भीलवाड़ा जिले की हमीरगढ़ तहसील हैं। औद्योगिक विकास से दोनों तहसीलों के लगभग 5. ग्राम पंचायतों के हजारों परिवार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार से लाभान्वित होंगे। चित्तौड़गढ़ एवं भीलवाड़ा जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित बेरोजगारों एवं कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षित होने वाले युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध होगा। रीको की इस महत्वाकांक्षी योजना से वस्त्र व्यवसाय में राजस्थान का योगदान बढ़ेगा। टेक्सटाइल जोन के रूप में उक्त क्षेत्र के विकास के कारण भविÂय में चित्तौड़गढ़ एवं भीलवाड़ा में रेडीमेड एवं गारमेन्ट व्यवसाय भी प्रारंभ हो सकेगा। प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र से सरकार को भी आवंटन की आय के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की नियमित आय भी होगी। औपचारिकताओं के शीघ्र पूर्ण होने पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशानुरूप औद्योगिक विकास समय पर प्रारंभ होकर क्षेत्र के आमजन को रोजगार एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायेगा।

अतः मेरा वन एवं पर्यावरण तथा वस्त्र मंत्री जी से अनुरोध है कि इस क्षेत्र के विकास के लिए यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाए।